चन्द्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

पीयूष द्विवेदी

बीकेटी, लखनऊ (विधान केसरी)। बख्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय, विज्ञान संकाय तथा कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने छात्र-छात्राओं को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन तथा उनके द्वारा किए गए, कार्यों को गिनाया तथा चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय सह -आचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने महाविद्यालय के शिक्षक डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ योगेंद्र कुमार सिंह एवं सतीश पांडे की प्रशंसा की तथा बताया कि यह हमारे स्नातक गुरु रहे और इन्होंने हमें बहुत कुछ सिखाया और आज भी हम इसे सीखते रहते हैं । डॉ सिंह ने कहा कि शिक्षक तीन पीढियां का जिम्मेदार होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी, महामंत्री डॉ बैजनाथ रावत, प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह एवं निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा ने शिक्षकों को सम्मानित किया।

बीकेटी के विद्यालयों में मनाया गया शिक्षक दिवस

संवाददाता

बीकेटी लखनऊ 5 सितंबर को बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय, विज्ञान संकाय तथा कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने छात्र-छात्राओं को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों को गिनाया।

अपने छात्रों के लिए रोल मॉडल होता है शिक्षक- पवन सिंह चौहान

एमएलसी और एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने संस्थान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर समस्त शिक्षकों को प्रणाम करते हुए में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर हमें नमन करने के साथ उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने छात्रों के लिए रोल मॉडल होता है।

शिक्षक समस्त समाज के मार्गदर्शक होते हैं आज या भविष्य में हम जिस तरह के समाज , राष्ट्र की कल्पना करते हैं वो माता, पिता और शिक्षक की दूरदर्शिता और मार्गदर्शन पर निर्भर करेगा। विद्यार्थी अपने शिक्षक के आचार और विचार का अनुसरण करते हैं। इसलिए उनकी जिम्मेदारी समाज के प्रति अधिक बढ़ जाती है।

इस अवसर पर वॉइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान, वॉइस चेयरपर्सन डॉ० सुष्मिता सिंह चौहान सहित लगभग ४00 शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों को उपहार भेंट किये गये।

चन्द्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

दैनिक रिपब्लिक रेनेसां
हरिओम दीक्षित

बीकेटी लखनऊ। चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय, विज्ञान संकाय तथा कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने छात्र-छात्राओं को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों को गिनाया तथा चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय सह - आचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने महाविद्यालय के शिक्षक डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ योगेंद्र कुमार सिंह एवं सतीश पांडे की प्रशंसा की तथा बताया कि यह हमारे स्नातक गुरु रहे और इन्होंने हमें बहुत कुछ सिखाया और आज भी हम इसे सीखते रहते हैं । डॉ सिंह ने कहा कि शिक्षक तीन पीढियां का जिम्मेदार होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी, महामंत्री डॉ बैजनाथ रावत, प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह एवं निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा ने शिक्षकों को सम्मानित किया।